Title: Need to set up a Labour Court in Alwar district, Rajasthan.

डॉ.जसवन्त सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, अलवर राजस्थान का महत्वपूर्ण जिला है। यहां पर बहुत से लघु, मध्यम तथा भारी उद्योग हैं। हाल में ही दिल्ली से बहुत से लघु उद्योग अलवर में स्थानांतरित हुए हैं। अलवर एक औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां श्रमिक अशान्ति, श्रमिक-विवाद तथा श्रम समस्याएं उत्पन्न होती रहती हैं। श्रमिकों को अपनी समस्याओं के निवारण हेतु भरतपुर जाना पड़ता है क्योंकि अलवर जिले में लेबर कोर्ट नहीं है, इसलिए श्रमिकों को बार-बार भरतपुर जाने में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि अलवर जिले में लेबर कोर्ट की स्थापना की जाए ताकि श्रमिकों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो सके।